खण्ड—स 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. गिरिजा कुमार माथुर के काव्य में संवेदना और शिल्प के विविध पक्षों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

11. '' 'कनुप्रिया' में पौराणिक सन्दर्भ के सहारे आधुनिक मानव की युद्धोत्तर अवश स्थिति को निरूपित किया गया है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

12. ''नीरज के गीत कथ्य और प्रस्तुति दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।'' इस कथन का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

13. मुक्तिबोध के काव्य में संवेदना के विविध स्तरों का विश्लेषण कीजिए।

MAHD–08

December – Examination 2023

M.A. (Final) Examination

HINDI

(आधुनिक हिन्दी कविता और गीत परम्परा)

Paper : MAHD-08

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ 8×2=16

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) 'कल्पान्तर' खण्ड काव्य का केन्द्र-बिन्दु क्या है ?

   (ii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के किन्हीं **दो** काव्य-संग्रह का नामोल्लेख कीजिए।

   (iii) 'ठण्डा लोहा' काव्य-संकलन के रचयिता कवि कौन हैं ?

(iv) 'समकालीन कविता' का तात्पर्य क्या है ?

(v) 'अकविता' काव्य आन्दोलन की कोई **दो** विशेषताएँ बताइए।

(vi) प्रयोगवाद से नयी कविता किस रूप में पृथक मानी जाती है ?

(vii) 'मेरा रूप तुम्हारा दर्पण' नामक गीति-संग्रह के रचयिता कौन है ?

(viii) रमानाथ अवस्थी के गीतों की कोई **दो** विशेषताएँ बताइए।

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए :

जिसकी शेषशैया पर
तुम्हारे साथ युग-युगों तक क्रीड़ा की है
आज उस समुद्र को मैंने स्वप्न में देखा कनु।
लहरों के नीले अवगुण्ठन में
जहाँ सिन्दूरी गुलाब जैसा सूरज खिलता था
वहाँ सैकड़ों निष्फल सीपियाँ छटपटा रही हैं
और तुम मौन हो।

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

समाज अमूर्त होता है
व्यक्ति नहीं,
और व्यक्ति के फूलत्व को कुचल दोगे
तो वन
गन्धमादन कैसे बन पाऐगा पार्थ ?
फूल का एकाकीपन
अरण्य की सामूहिकता की शोभा है
विरोधी नहीं।

4. महाप्रस्थान खण्ड काव्य के यात्रा-पर्व और स्वाहा-पर्व के मूल कथ्य पर प्रकाश डालिए।

5. ''शमशेर प्रेम और सौन्दर्य के कवि हैं।'' इस कथन पर प्रकाश डालिए।

6. मुक्तिबोध के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

7. समकालीन कविता के सन्दर्भ में अशोक वाजपेयी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

8. भवानी प्रसाद मिश्र के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

9. वीरेन्द्र मिश्र के गीतों की शिल्प सम्बन्धित विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।